## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 02.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के 90 करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त किया जारी, झारखंड के किसानों में खासा उत्साह।**
2. **राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बाथरुम में गिरने से गंभीर रुप से हुए घायल, ब्रेन में ब्लड क्लॉट की पुष्टि के बाद एयरलिफ्ट कर ले जाया गया दिल्ली।**
3. **साहिबंगज जिले में गंगा नदी में 31 लोगों से भरी नाव पलटी, चार लोग डूबे, एक का शव बरामद, तीन की तलाश जारी।**
4. **जमशेदपुर में 134वें डूरंड कप में आज नेपाल त्रिभुवन आर्मी की लद्दाख एफसी से होगी भिडंत, स्टेडियम में निःशुल्क इंट्री की व्यवस्था।**
   **और**
5. **पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत राज्य के छह जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी की। इसके तहत 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये भेजे गये। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह योजना सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुका है।

******************

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त खाते में आने पर झारखंड के किसानों में खासा उत्साह है। रांची के किसानों का कहना है कि पीएम किसान सम्मान निधि की राशि उन्हें संबल प्रदान करता है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इधर, एक अन्य स्थानीय किसान संतोष प्रजापति कहते हैं कि एक दौर था, जब बीज और खाद के लिए उन्हें साहूकारों के पास जाना पड़ता था। किसानों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों को कर्ज के दलदल में फंसने से बचाया है।

******************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन पूर्वी सिंहभूम के घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास में आज बाथरूम में फिसल कर गिर गए। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें जमशेदपुर स्थित टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके ब्रेन में ब्लड क्लॉट की पुष्टि हुई। हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया है। उनका इलाज दिल्ली के मेदांता अस्पताल में चल रहा है लेकिन उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

******************

साहिबगंज जिले में गंगा नदी में नाव पलटने से चार लोग डूब गए। एक युवक का शव निकाला जा चुका है। वहीं तीन लोग अभी भी लापता है। नाव पर कुल 31 लोग सवार थे। 28 लोग तैरकर बाहर निकल आए। पूरी घटना गंगा नदी थाना क्षेत्र के गदाई दियारा की है। उपायुक्त हेमंत सती ने घटना की पुष्टि की।

******************

गिरिडीह जिले में अयोग्य राशन कार्डधारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। जिला आपूर्ति अधिकारी गुलाम समदानी ने बताया कि अब तक दो हजार कार्ड रद्द किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में 15 हजार सदस्यों के नाम राशन कार्ड से हटाये गये हैं।

*******************

देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया– नावाकुरा में भीषण सड़क हादसे की जांच तेज हो गई है। दुर्घटना के बाद मद्रास से आयी रोड सेफ्टी विशेषज्ञों की उच्चस्तरीय टीम देवघर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर 17 तकनीकी और व्यवहारिक बिंदुओं पर जांच शुरू की। टीम ने एम्स देवघर में भर्ती घायल श्रद्धालुओं से भी बातचीत की।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के खनन क्षेत्र के लिए रेलवे की बड़ी परियोजना को मंजूरी मिली है।

*******************

मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत राज्य के छह जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार मौसमचार अगस्त तक राज्य के कई इलाकों में बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने इस माह भी राज्य में अच्छी बारिश की संभावना व्यक्त की है। इस बीच बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से किसानों के लिए कई तरह की सलाह जारी की गयी है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार पांच सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 18 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्टेडियम में आज 134वें डूरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट में नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी का मुकाबला लद्दाख एफसी की टीम से होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मैच के दौरान खेल प्रेमियों के लिए स्टेडियम में निःशुल्क इंट्री की व्यवस्था की गई है।

******************